# युवा दिवस पर उपमुख्यमंत्री ने किया सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम

## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है : शुक्ल, सांसद व अन्य जनप्रतिनिधि हुए शामिल




**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 जनवरी, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई. रीवा के मार्तण्ड स्कूल क्रमांक एक ग्राउण्ड में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया. उन्होंने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं के साथ प्राणायाम भी किया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है. हम स्वस्थ एवं प्रसन्न रहेंगे तो अपने लक्ष्यों की पूर्ति आसानी से हो सकेगी. जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो तब तक अनवरत अपने कार्य में लगे रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ रहा जा सकता है और बीमारियाँ कोसों दूर रहेंगी. श्री शुक्ल ने युवाओं से अपील की कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर मनाये जा रहे राष्ट्रीय युवा दिवस में अपने भीतर की ऊर्जा का सदुपयोग समाज एवं देश के हित में करें और देश को विश्व गुरू बनाने में योगदान दें. उन्होंने कहा कि हमें सफलता मिलने पर अहंकारी नहीं होना चाहिए तथा असफलता मिलने पर निराश भी नहीं होना चाहिए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में बहुत चुनौतियाँ सामने आती हैं. पूरे धैर्य के साथ इनका सामना करने की जरूरत है. उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी के कदम यदि नशे की राह की ओर बढ़ गए तो हर तरह का विकास निरर्थक हो जाएगा. उन्होंने नशे विरूद्ध रीवा जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने बहुत कम उम्र में ऐसी ख्याति प्राप्त की जिससे दुनिया में उनका नाम हुआ. स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी साकर हो रही है कि भारत विश्वगुरू बनेगा. 21वीं सदी में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ते हुए विश्व गुरू बनने के करीब पहुंच चुका है. हमारा देश आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभरा है. श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन न केवल हमें मार्ग प्रशस्त करता है वरन उनके द्वारा दिये गये वाक्य हमें जीवन में आगे बढ़ने में मददगार है. उनके जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतारकर राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य पूरा करने में समवेत होने का अह्वान उप मुख्यमंत्री ने किया. सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहे.

### योग हमारी सनातन परम्परा का अंग : जनार्दन

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि योग हमारी सनातन परंपरा का एक अंग है. इसको अपनाने से मनुष्य स्वस्थ एवं चुस्त-दुरूस्त रहता है. उन्होंने सभी का आह्वान किया कि नियमित रूप से सुबह उठकर योग एवं प्राणायाम की प्रक्रियाएं दिनचर्या में शामिल करें. श्री मिश्र ने विद्यार्थियों एवं युवाओं से आह्वान किया कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्य का पालन करें.

### केन्द्रीय जेल में लगाया गया योग शिविर



युवा दिवस पर 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर केन्द्रीय जेल में भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन एवं दिव्य बुद्ध योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन किया गया. भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन के राष्ट्रीय कल्याण सचिव डॉ. अजय कुमार द्वारा समस्त बंदियों एवं अधिकारी, कर्मचारियों को योग प्राणायाम, भर्षिका, कपालभांति, अनुलोम-विलोम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार के बारह अभ्यास बताये गये. जेल में पदस्थ अधिकारियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द के जीवन में प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा प्रदत्त ज्ञान, प्रेरणा एवं तेज के स्त्रोत के लाभ प्राप्त करने हेतु बंदियों को जागरूक किया गया. कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, सुधाकर पाण्डेय ध्रुव कुमार मिश्रा, रतन पाठक, नीलू साकेत, मोहित मिश्रा मौजूद रहे.




# राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में युवाशक्ति की भूमिका अत्यंत निर्णायक : रमेश पप्पा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 जनवरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर रीवा जिले में एक भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस ऐतिहासिक आयोजन में संघ की दृष्टि से रीवा जिले के विभिन्न मंडलों एवं ग्रामों से आए सैकड़ों युवा स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और समर्पण भाव के साथ सहभागिता की.**

सम्मेलन में अखिल भारतीय सह-संपर्क प्रमुख रमेश पप्पा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष मिश्रा थे. मुख्य वक्ता रमेश पप्पा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में युवाओं से संघ द्वारा प्रतिपादित पंच परिवर्तनों को आत्मसात करने का आह्वान किया. उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं विचारों को युवाओं के लिए मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में युवाशक्ति की भूमिका अत्यंत निर्णायक है. विवेक, अनुशासन, सेवा भाव एवं प्रखर राष्ट्रभाव के माध्यम से समाज में सकारात्मक एवं स्थायी परिवर्तन संभव है. इस अवसर पर महाकौशल प्रांत एवं रीवा विभाग के संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.

सम्मेलन के दौरान अनुशासन, एकात्मता एवं राष्ट्रभक्ति का भाव प्रत्येक स्वयंसेवक के आचरण में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ. यह युवा सम्मेलन युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संगठनात्मक संस्कारों के विस्तार की दृष्टि से अत्यंत प्रेरणास्पद एवं स्मरणीय सिद्ध हुआ.

## संक्षिप्त

### विधायक सिद्धार्थ के यहा सुंदरकांड पाठ आज



**रीवा,** नववर्ष के मंगलमय शुभारंभ के अवसर पर भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज के अमहिया स्थित निज निवास पर आध्यात्मिक एवं सामाजिक समागम का आयोजन किया जा रहा है. आज 13 जनवरी, मंगलवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में श्री सुंदरकांड पाठ और स्वजन भोज का आयोजन होगा. आयोजन की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष की सुख-समृद्धि की कामना हेतु सुंदरकांड के भक्तिमय पाठ का आयोजन किया गया है. पाठ के समापन के उपरांत उपस्थित अतिथियों एवं स्वजनों के लिए भोज का आयोजन होगा. विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने सभी से पहुंचने की अपील की है.



### राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मिले गौरव

**रीवा,** नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आज भाजपा नेता गौरव तिवारी ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान उन्होंने नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं. इस अवसर पर गौरव तिवारी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा के मार्गदर्शन में नितिन नवीन के नेतृत्व से संगठन को नई ऊर्जा, दिशा और मजबूती प्राप्त होगी. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और अधिक सशक्त होगा तथा जनसेवा के संकल्प को नई गति मिलेगी.




### ज्ञानस्थली विद्यालय बना विजेता

**रीवा,** विंध्य ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित तृतीय ओपन इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन एवं मेडल सेरेमनी सिंधु भवन में संपन्न हुई. प्रतियोगिता में जिले भर के 15 स्कूलों के लगभग 150 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने सहभागिता की. खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीक, अनुशासन एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों को प्रभावित किया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विंध्य ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह 'मंगू' उपस्थित रहे. उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होते हैं. कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार मिश्रा, प्राध्यापक, भारतेंदु नाट्य विद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.) ने की. ओवरऑल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञानस्थली विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, रीवा ने द्वितीय स्थान तथा बीएनपी स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया.

# वार्षिक आमसभा न कराने वाली 51 सहकारी समितियों को नोटिस

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 जनवरी, संयुक्त आयुक्त सहकारिता राकेश कुमार पाण्डेय ने 51 सहकारी समितियों को पंजीयन समाप्त करने का नोटिस दिया है. इन समितियों द्वारा वार्षिक आमसभा की बैठक न कराने, पंजीयन के बाद निर्वाचन न कराने पर नोटिस दिया गया है.**

इन समितियों द्वारा समिति का रिकार्ड संधारित न कराने तथा रिकार्ड का परीक्षण कराकर ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत न करने के कारण नोटिस दिया गया है. नोटिस का 15 दिन की समय-सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर इन समितियों के पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी. इस संबंध में संयुक्त आयुक्त ने बताया कि दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति नहरो, महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति करही नईगढ़ी, जोन्ही दुग्ध उत्पादक समिति जोन्ही, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति वनपाडर, डिहिया, अमोखर, खटखरी, डढ़िया को नोटिस दिया गया है. इसी तरह महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति दुवगवां, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समिति गोहट तथा कैथा, कान्हा दुग्ध उत्पादक समिति पटपरा, माँ सरस्वती दुग्ध उत्पादक समिति दुवगवां कुर्मियान, कामधेनु दुग्ध उत्पादक समिति तड़ौरा, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समिति रेरूआ, गोपाल दुधारू पशु एवं दुग्ध उत्पादक समिति बड़ी हर्दी, महिला दुग्ध उत्पादक समिति पटेहरा, पटेहरा दुग्ध उत्पादक समिति पटेहरा हनुमना, ढनगन दुग्ध उत्पादक समिति ढनगन तथा लक्ष्मणबाग दुधारू पशु एवं दुग्ध विक्रय समिति रीवा को भी नोटिस दिया गया है. संयुक्त आयुक्त ने बताया कि दुग्ध उत्पादक समिति सगहन, अन्त्योदय बांस टोकरी समिति देवतालाब, प्राथमिक सीएसव्हीएलई समिति मऊगंज, हेल्पिंग नेटवर्क कम्युनिटी साख समिति अनंतपुर रीवा, विन्ध्य ई रिक्शा परिवहन समिति रीवा, माँ अष्टभुजा तेलघानी समिति बंधावा भाईबाट, राधाग्राम संगठन आजीविका समिति अटरा, दीनदयाल अन्त्योदय बांस टोकरी समिति झौरा आदि को नोटिस दिया गया है.

# स्वामी विवेकनंद जी की जयंती में निकाली गई सायकल रैली

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 जनवरी, खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलों एम.पी.यूथ गेम्स का आयोजन 12 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य किया जाना सुनिश्चित किया गया है.**

इस अवसर पर खेल सेन्टरों के युवक, युवतियों द्वारा जागरूकता सायकल रैली का आयोजन किया गया. जिसमें खेलेगा एम.पी. विजेता एक हम होगें कामयाब का संदेश लेकर संदेश देते हुये खिलाड़ियों में स्वामी विवेकानंद जयंती पर शहर भर का भ्रमण किया. खेलों एम.पी.यूथ गेम्स में रीवा जिले के 19 खेलों का आयोजन में ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तरों पर किया जावेगा, जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, जूडो, खो-खो, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल-टेनिस, योगासन, टेनिस, शतरंज, बास्केटबॉल, फुटबाल, कबड्डी, व्हॉलीबाल, क्रिकेट, पारंपरिक खेल पिट्ठू एवं रस्साकसी, खेल रखे गये है. खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया.



जल प्रदाय व्यवस्था की समीक्षा करते महापौर अजय मिश्रा बाबा

# जल प्रदाय की शिकायतों में किसी तरह की लापरवाही न बरते : अजय

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 जनवरी, नगर निगम रीवा महापौर अजय मिश्रा ''बाबा'' द्वारा जलप्रदाय व्यवस्था की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बीते एक सप्ताह में निगम द्वारा की गई समस्त कार्यवाहियों की विस्तार से समीक्षा की गई. महापौर ने दूषित पानी की शिकायतों, जल गुणवत्ता परीक्षण, टंकी सफाई, क्लोरीनेशन जांच एवं पाइपलाइन लीकेज सुधार एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग को लेकर निगम अधिकारियों से जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी भी स्थिति में असुरक्षित जल न मिले, यह निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए.

इस दौरान अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि विगत एक सप्ताह में निगम की जलप्रदाय टास्क फोर्स टीम अलर्ट मोड पर रहते हुए प्रतिदिन फील्ड में एक्सट्रा टीम के साथ कार्य कर रही है. विभिन्न क्षेत्रों 50 से अधिक लीकेज चिन्हित की गई जिन्हें जेसीबी मशीन के माध्यम से खुदाई कर पाइपलाइन रिपेयरिंग एवं लीकेज सुधार किया गया. साथ ही शहर के सभी उच्च स्तरीय टंकियों की व्यापक सफाई कराते हुए सफाई की डेट मार्किंग कराया गया है.

बैठक के दौरान महापौर ने निर्देशित किया कि वार्ड के जिन क्षेत्रों में गंदे पानी की समस्या आ रही है वहां तत्काल सुधार कराया जाए एवं जलप्रदाय से संबंधित शिकायतो का तत्काल रिस्पांस सुनिश्चित किया जाय. विभिन्न क्षेत्रों से सेम्पल कलेक्ट करते हुए क्लोरीनेशन एवं टेस्टिंग की प्रक्रिया निरंतर जारी रखी जाय.

जिन जगहों पर पुरानी पाइप लाइन डाली हुई है, एवं खराब हो गई है उसे बदलने के निर्देश दिए. इस दौरान बैठक में एमआईसी सदस्य धनेन्द्र सिंह, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह मौजूद रहे.

# कोहरे से मिली राहत पर कड़ाके की ठण्ड बरकरार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 जनवरी, रीवा एवं मऊगंज जिले में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है. भले ही दो दिन से घने कोहरे से राहत मिल गई हो, लेकिन शीत लहर के साथ ठंड अभी जारी है. न्यूनतम तापमान जहा 7 डिग्री पहुंच गया, वही दिन का अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री रहा जो सामान्य से नीचे है.**



दिन भर चार किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंड हवाएं चलती रही. गौरतलब है कि इस बार नवम्बर से शुरू हुई ठंड कम होने का नाम नही ले रही है. दिसम्बर में जहा तापमान 3 डिग्री तक पहुंच गया, वही जनवरी में भी ठंड का असर बढ़ता जा रहा है. उम्मीद है कि मध्य जनवरी के बाद से ठंड से कुछ हद तक राहत मिलेगी. मकर संक्रांति के बाद से दिन बड़ा होने के साथ धीरे-धीरे दिन की ठंड कम होने लगती है. लेकिन अभी जिस तरह से स्थित है उससे नही लगता कि जल्द ठंड से राहत मिलने वाली है. तेज धूप के बावजूद दिन भर गलन भरी ठंड बनी रही और शाम ढ़लते ही ठंड का असर बढ़ जाता है. पिछले कई दिनो से न्यूनतम तापमान 5 से 7 डिग्री के बीच बना हुआ है.

हालाकि अब इससे नीचे तापमान जाने की संभावना कम है. शीत लहर के चलते दिन में ठंड का असर ज्यादा रहता है. ठंड हवाएं न चले तो धूप के चलते राहत मिल सकती है. इस महीने ठंड कम नही होगी, फरवरी से ठंड का असर दिन का कम हो जाता है.

# खड्डा टोल प्लाजा में अवैध वसूली को लेकर ट्रक चालक और खलासी को पीटा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 जनवरी, रीवा शहर के खड्डा टोल प्लाजा में टोल कर्मियों की खुलेआम गुंडागर्दी और ओवर लोडिंग के नाम पर अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है.**

यह मामला उस वक्त उजागर हुआ जब टोल प्लाजा से गुजर रहे ट्रक के चालक और खलासी के साथ टोलकर्मियों ने जमकर मारपीट की. आरोप है कि टोल कर्मियों के द्वारा ओवरलोडिंग के नाम पर जबरन ट्रक को कांटे पर खड़ा कराया जा रहा था, जिसका विरोध करने पर टोल कर्मियों ने चालक और खलासी के साथ जमकर मारपीट कर दी. फिलहाल टोल प्लाजा में हुई मारपीट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसमें टोलकर्मी ट्रक के चालक और खलासी के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं. वहीं घटना को लेकर ट्रक मालिकों में अब आक्रोश व्याप्त है, जिन्होंने टोल प्लाजा पहुंचकर ना सिर्फ घटना का विरोध किया है बल्कि बिछिया थाने में शिकायत दर्ज करा कार्यवाही की मांग की है.

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आज

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 जनवरी, जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 13 जनवरी को दोपहर एक बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है.**

बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल करेंगी. बैठक में स्थाई समितियों द्वारा पारित प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी. बैठक में खाद-बीज के वितरण, धान के उपार्जन, उपचार व्यवस्था, मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रयासों, अटल सुशासन भवन तथा ग्राम स्वराज भवन की स्वीकृति, गौशालाओं के संचालन तथा एक बगिया माँ के नाम योजना की समीक्षा की जाएगी. जिला पंचायत सीईओ ने पहुंचने की अपील की है.

# जानलेवा चाइनीज मांझे को लेकर सक्रिय हुई पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 जनवरी, मकर संक्रांति त्यौहार के नजदीक आते ही पुलिस की नींद चाइनीज मांझे को लेकर टूटी है. जानलेवा चाइनीज मांझे को लेकर कार्यवाही शुरू की गई है.**

गौरतलब है कि रीवा में चाइनीज मांझा बिकता है पर पुलिस को भनक नही लगती, मकर संक्रांति को लेकर कार्यवाही शुरू कर दी गई है. कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी मात्रा में चाइनीज मांझा बरामद किया है. दरअसल मकर संक्रांति के दौरान पतंगबाजी के समय इस्तेमाल होने वाला चाइनीज मांझा लोगों की जान के लिए खतरा बन चुका है. इसे देखते हुए रीवा पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाकर सभी थाना क्षेत्रों में दबिश देना शुरू किया है. कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई बोरियों में भरा हुआ चाइनीज मांझा जब्त किया है. पुलिस का कहना है कि चाइनीज मांझे से अब तक कई हादसे हो चुके हैं, जिसमें लोगों की जान गई है. वहीं हवा में उड़ने वाले पक्षियों पर भी इसका गंभीर असर देखने को मिला है. सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि मकर संक्रांति को देखते हुए चाइनीज मांझे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. यह जानलेवा है, इससे इंसानों और पक्षियों दोनों को नुकसान पहुंचता है. रीवा शहर में आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी. रीवा पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही होगी.